मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-490
07/08/2026

# सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास को मिलेगी नई गति, 21 हजार करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग और नाबार्ड के बीच समझौता :– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिंदु :–

- 21 हजार करोड़ रूपये का दीर्घकालिक वित्त पोषण : सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग और नाबार्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- समझौते का मुख्य उद्देश्य सड़कों एवं पुलों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।
- मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग मिलने की उम्मीद जताई।

पटना 07 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सड़क एवं पुल अवसंरचना के विकास हेतु 21 हजार करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण के लिए पथ निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल एवं नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी कृष्णन वी0 ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में नाबार्ड का काफी सहयोग मिल रहा है। हमें उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क एवं पुल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस समझौते से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क और पुल राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क संपर्क विकसित होने से लोगों का आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। 21 हजार करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण से सड़क एवं पुल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वित्तीय व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी कृष्णन वी0 ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है। बिहार के विकास में जिस भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी, नाबार्ड सहयोग करेगा। उन्होंने राज्य में आधारभूत संरचना के विकास में नाबार्ड की सहभागिता को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'नाबार्ड इन बिहार' पुस्तक का विमोचन किया। समारोह के दौरान पारंपरिक कला एवं शिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए भोजपुर के श्री संजीव सिन्हा को पिड़िया पेंटिंग, गया के श्री रविंद्र नाथ गौड़ को पत्थर कट्टी तथा नालंदा की बावन बूटी कला के लिए श्री सुरेश देव को जी0आई0 प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण विभाग के मंत्री श्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल सहित नाबार्ड एवं राज्य सरकार के कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

*********